卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 206 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦3 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## थप्पड़ मारने पर मंत्री के खिलाफ केस

### प्रेमचंद अग्रवाल के पीआरओ और गनर के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और युवक के बीच मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद मामला गरमा गया है। सीएम धामी ने डीजीपी को पूरे मामले जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद बुधवार को मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, उनके पीआरओ और गनर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, देर रात युवक पर भी मामला दर्ज हो चुका है। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि सुरेंद्र नेगी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ बलवा मारपीट व गाली गलौज की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रदेश में राजनीतिक माहौल मंगलवार को उस समय बहुत गरमा गया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और उनका गनर बीच सड़क पर एक युवक की पिटाई करते दिखे। वायरल वीडियो में कैबिनेट मंत्री सड़क किनारे अपने वाहन के पास खड़े होकर शिवाजी नगर निवासी युवक सुरेंद्र सिंह नेगी से बात कर रहे हैं। बातचीत अचानक हाथापाई में बदल गई। वीडियो में मंत्री सुरेंद्र पर थप्पड़ मारते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद उनका गनर भी हाथापाई करने के बाद लातें मारते हुए दिख रहा है। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हम जाम में फंसे थे। उसी समय बाइकसवार दो युवक गाड़ी के बगल आकर गाली देने लगे। हमने समझाया तो युवक ने कॉलर पकड़कर (शेष पृष्ठ सात पर)





## लगातार बर्फबारी के चलते स्थगित हुई केदारनाथ यात्रा

देहरादून (उद संवाददाता)।केदारनाथ धाम में बीते 24 घंटे से लगातार बर्फबारी हो रही है। वहीं, मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए पुलिस महानिदेशक के आदेश पर बुधवार को केदारनाथ यात्रा स्थगित रही। ऋषिकेश, श्रीनगर से ही यात्रा को रोक दिया गया है। पुलिस महानिदेशक ने यात्रियों से खराब मौसम को देखते हुए सहयोग की अपील की है। वहीं डीपीपी अशोक कुमार बुधवार को भी धाम में ही हैं। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा है कि केदारनाथ में भारी बर्फबारी हो रही है, जिससे वहां रहना मुश्किल है। मौसम विभाग ने भी 2 व 3 मई के लिए अलर्ट जारी किया था। ऐसे में बुधवार को केदारनाथ में रुकना संभव नहीं है और इसलिए बुधवार को केदारनाथ (शेष पृष्ठ सात पर)



## डंपर चालक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

गदरपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों से मुरादाबाद निवासी डंपर चालक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक शराब का आदी बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार देर रात मुरादाबाद निवासी कुलवंत नाम के एक विवाहित युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक कुलवंत अपनी पत्नी सरोज और पुत्री सोनाक्षी के साथ थाने के पीछे स्थित एक कॉलोनी में सुनील यादव के मकान में बतौर किराएदार रह रहा था। कुलवंत डंपर चालक था। शोर की आवाज सुनकर करीब में रह रहे एसएस पब्लिक स्कूल के उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रात्रि ड्यूटी पर तैनात सकेनिया चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों की मदद से डंपर चालक को फंदे से उतारकर तुरंत अस्पताल भिजवाया परंतु तब तक देर हो चुकी थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अंजनी ने कुलवंत को मृत घोषित कर दिया। मृतक कुलवंत के साले राहुल निवासी सूरजपुर कॉलोनी का कहना था कि उसके जीजा शराब पीकर आए दिन घर में झगड़ा करते थे। राहुल का कहना (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेसियों ने फूंका प्रेम चन्द्र अग्रवाल का पुतला

देहरादून/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की बीच सड़क पर युवक के साथ हुई हाथापाई का खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि यह घटना लोकतंत्र के लिए एक ने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को इस तरह के कृत्य किसी भी सूरत में शोभा नहीं देते हैं। माहरा ने कहा कि प्रेमचंद्र रह चुके हैं और वर्तमान में शहरी विकास व वित्त मंत्री हैं। ऐसे में उनसे समाज के एक जिम्मेदार सुलझे हुए और





वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया और धामी सरकार व वित्त मंत्री के बदनुमा दाग है, जहां सत्तारूढ़ दल के मंत्री आम जनता को कीड़े मकोड़े की तरह समझते हैं। प्रतिक्रिया देते हुए माहरा अग्रवाल कोई सड़क छाप व्यक्ति नहीं हैं, वह विधानसभा अध्यक्ष जैसे गरिमामय पद पर रह चुके हैं। संसदीय कार्य मंत्री परिपक्व बर्ताव की अपेक्षा की जाती है। करन माहरा ने अंदेशा जताया कि हर बार की तरह इस (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी को जिस्मफरोशी के धंधे में धकेला

### नौ लोगों पर केस दर्ज, घृणित कार्य में तीन महिलाएं भी शामिल

काशीपुर(उद संवाददाता)। किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने उसके साथ मारपीट करने एवं आबरू लूटने के बाद उसे जिस्मफरोशी के अनैतिक धंधे में धकेलने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन महिलाओं समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को गड्ढा कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी गुड़िया उर्फ जेनब पत्नी रेहान, रेहान पुत्र सुल्तान, फरीदा उर्फ पूजा तथा नवीन के अलावा रामपुर दोराहा मुरादाबाद निवासी शकील सलीम विजय ड्राइवर समेत होटल क्रिस्टल चंडीगढ़ आईटी पार्क निवासी ज्योति पत्नी रवि तथा रवि पुत्र अज्ञात ने भरोसे में लेकर किशोरी को भगाने के बाद उसे दुष्कर्म के लिए विवश किया। जब वह राजी नहीं हुई तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए उपरोक्त आरोपियों ने मारपीट की एवं बलपूर्वक आबरू लूटने के बाद उसे जिस्मफरोशी के धंधे में धकेल दिया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 363/ 366ए/ 376/372/ 373/ 323/506 आईपीसी के अलावा 5/6 अनैतिक व्यापार अधिनियम तथा 5/6 पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए गए हैं।

## फ्लैट दिखाने के बहाने युवती के साथ अश्लीलता

### कार में बैठाकर शराब पीने का भी बनाया दबाव,पुलिस जांच में जुटी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मेट्रोपॉलिस सिटी निवासी एक महिला ने यहीं के निवासी व्यक्ति पर फ्लैट दिखाने के बहाने कार में छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। सिडकुल चौकी को सौंपे पत्र में मैट्रोपॉलिस निवासी युवती कहा कि वह सोसायटी में ही रहने वाले एक व्यक्ति के भाई के फ्लैट में रहती थी, जिसके चलते उसकी उक्त सभ्रांत व्यक्ति से जान-पहचान हो गयी। पत्र में कहा गया कि अब वह व्यक्तिगत कारणों से अपने फ्लैट को बदलकर किराए पर लेना चाह रही थी, जिसके चलते उसने उसने फ्लैट स्वामी के भाई से संपर्क किया। कहा कि फ्लैट दिखाने के सिलसिले में पिछले 2-3 दिनों से उक्त व्यक्ति उसे अपने निवास पर बुला रहा था। विगत रात्रि आठ बजे उक्त व्यक्ति उसके फ्लैट पर आया और उसे अपनी कार में बैठाकर फ्लैट दिखाने के बहाने रुद्रपुर शहर में ले गया। आरोप है कि इस दौरान युवती के साथ्ज्ञ छेडछाड़ की गयी और जबरदस्ती शराब पीने का दबाव बनाया गया। जैसे-तैसे युवती ने अपने मंगेतर को फोन किया। आरोप है कि जब वह वापस सोसायटी में लौटे तो फिर से युवती के साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। बाद में युवती का मंगेतर मौके पर पहुंच गया। कॉलोनी के लोगों के एकत्र होने पर उक्त व्यक्ति मौके से फरार हो गया। युवती ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में खुद को जान-माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। फिल्हाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो घरों में हुई लाखों की चोरी के मामले में नाबालिग दबोचा

### नगदी, जेवर व अन्य सामान बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बनभूलपुरा क्षेत्र में एक ही रात में दो घरों से हुई लाखों की चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर चुराए गए लाखों के सामान सहित शातिर बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को दिलशाद पुत्र शमशाद निवासी मलिक का बगीचा व अशहद खान पुत्र युसूफ खान निवासी चोरगलिया रोड थाना बनभूलपुरा द्वारा थाना बनभूलपुरा में आकर तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर 12 हजार रुपये नकद तथा सोने व चांदी के आभूषण जिसमें 3 सोने की अंगूठी, 1 सोने का गले का पेंडिल, 1 सोने की नाक की नथ, 2 सोने की कान की झुमकी, 2 सोने की नाक की रिंग, 2 चांदी के बिछुए, 1 रिंग चांदी व 3 अदद एन्ड्रायड मोबाइल चोरी कर लिया गया है। घटनाओं के खुलासे के लिए नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

## नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कांता रानी सुखीजा को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बता दें 10 अप्रैल को श्रीमती कांता रानी सुखीजा का लम्बी बिमारी के चलते निधन हो गया था। निधन की जानकारी मिलने पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य बीती शाम संपादक परमपाल सुखीजा के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। यशपाल आर्य ने कहा कि सुखीजा परिवार संघर्ष की मिसाल रहा है। वह पिछले 25 वर्षों से उत्तरांचल दर्पण अखवार को पढ़ते आ रहे हैं। सुखीजा परिवार ने ईमानदारी और निष्पक्षता से समाचार पत्र का संचालन कर (शेष पृष्ठ सात पर)





# कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने खोया आपा,युवक ने फाड़ा कुर्ता







## बीच सड़क पर मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल,गालीगलौच का आरोप

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। ऋषिकेश में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और एक युवक में हाथापाई का मामला सामने आया है। हाथापाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मंत्री एक कार्यक्रम से निकलकर अपनी कार से जा रहे थे। इस दौरान वे जाम में रुक गए। तभी दो युवक बाइक से उतरे और कार के आगे आकर अपनी समस्या बताने लगे। इसी दौरान मंत्री और युवक में तीखी बहस शुरू हो गई जो देखते ही देखते हथापाई में बदल गई। युवक खुद को सोशल वर्कर बताता है। मंत्री अग्रवाल के पीए कौशल बिल्जवाण ने बताया कि युवक ने पहले मंत्री को गाली दी फिर कॉलर पकड़ा और पीछे धकेलने लगा। इस दौरान उनका कुर्ता फट गया। तभी गनर ने उसे वहां से हटाने की कोशिश की, वह नहीं हटा तो गनर ने दोनों युवकों को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान मंत्री भी उन्हें पीटते दिख रहे हैं। थोड़ी देर बाद दोनों युवक मौके से भाग गए। इस दौरान सड़क पर काफी लोग एकत्र हो गए। घटना के बाद मीडिया से बातचीत में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि भारद्वाज हॉस्पिटल के पास निर्माण कार्यों के चलते जाम लगा हुआ था। इस दौरान दो बाइक सवार युवक उनके वाहन के बगल में आकर गाली गलौज करने लगे और उनके वाहन के शीशे पर प्रहार करने लगे। इस दौरान वाहन से उतरकर उन्होंने गाली गलौज करने को लेकर युवक को समझाया। लेकिन युवक ने उनका कॉलर पकड़ते हुए हाथापाई शुरू कर दी। जिसमें उनका कुर्ता भी फट गया। उनके सुरक्षाकर्मी ने युवकों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने सुरक्षाकर्मी के साथ भी हाथापाई शुरू कर दी और उसकी वर्दी फाड़ दी। जिसके बाद उनकी सलामती के लिए सुरक्षाकर्मी को बचाव करना पड़ा। उन्होंने कहा कि एक कैबिनेट मंत्री पर राह चलते इस तरह से आक्रमण करना युवकों की गुंडागर्दी को दर्शाता है। कहा कि संबंधित युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर हाथापाई के आरोपियों को गायब करने का आरोप लगाया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान वहां भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंच गए। दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, मामला बढ़ता देख ऋषिकेश के समीपवर्ती सभी थानों व कोतवाली से पुलिस बल बुलाया गया है। इधर सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल होने पर सियासी घमसान शुरू हो गया है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि वो ऋषिकेश के ही एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान युवक बीच सड़क में उनसे गाली गलौज करने लगा। जब प्रदेश के वित्त मंत्री के गनर ने उसे समझाने का प्रयास किया तो वो मंत्री पर हमला तक करने पर उतारू हो गया। जिसके बाद उनके गनर ने उस पर हमला किया। बता दें कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने युवक पर चोरी का आरोप भी लगाया है। वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने मारपीट की घटना को शर्मनाक बताया है। दसौनी ने कहा की भाजपा के मंत्रियों की गुंडागर्दी साफ देखी जा सकती है। दसौनी ने कहा कि मामला गाली गलौज का नहीं जबकि उनकी गाडी से टक्कर लगने का था। जिसके बाद मंत्री गुंडागर्दी पर उतर आए। वहीं सोशल मीडिया पर अक एन्य वीडियो में मारपीट में शामिल युवक ने कहा कि कैबिनेट मंत्री पर धमकाने और वसूली का आरोप लगाया जा रहा था और मारपीट शुरू कर दी। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने बीच सड़क में ही युवक के थप्पड़ जड़ दिए। युवक की पहचान सुरेंद्र सिंह नेगी निवासी शिवाजी नगर ऋषिकेश के रूप में हुई है। वीडियो में देख जा सकता है कि बातचीत के दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने युवक पर तमाचे जड़ दिए। जिसके बाद बीच बचाव में प्रेमचंद्र अग्रवाल के गनर ने भी युवक की धुनाई कर दी। बहरहाल मारपीट के प्रकरण को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। एक ओर जहां कांग्रेस ने भाजपा सरकार के मंत्री पर सत्ता की हनक में गुडागर्दी करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग शुरू कर दी है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने कैबिनेट मंत्री पर हमले का आरोप लगाते हुए असमाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दे रहे है।

## सीएम धामी ने डीजीपी को दिए जांच के आदेश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मारपीट विवाद का वीडियो वायरल होने के बाद कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को तलब कर लिया है। सीएम ने घटनाक्रम का संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार को निष्पक्ष जांच करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने ताकीद किया है कि पूरे प्रकरण की कायदे से जांच हो। इस मामले में किसी भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने साफ किया कि वह इस मामले में भेद-भाव एवं पक्षपातपूर्ण कार्रवाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को नई दिल्ली से लौट आएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के साथ हाथापाई मामले की कड़े शब्दों में निंदा की। साथ ही उन्होंने यह अपेक्षा भी की कि सार्वजनिक स्थलों पर सभी को संयमित आचार-व्यवहार करना चाहिए। भट्ट ने कहा कि जिस तह से कैबिनेट मंत्री और युवक के बीच विवाद ने तूल पकड़ा और नौबत हाथापाई तक पहुंची, यह दुखद है। कैबिनेट मंत्री पर हुए हमले को लेकर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसी घटनाओं से अच्छा संदेश नहीं जाता है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल विवादों के कारण लगातार चर्चाओं में रहे हैं। इससे पहले वह विधानसभा में बैकडोर भर्ती के मामले में मीडिया में दिए बयान को लेकर विवादों में आए थे। इसके बाद उन्होंने बयानों में काफी संयम बरता। लेकिन अब फिर नए विवाद में आ गए। वह 2018 में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए अपने बेटे की उपनल के माध्यम से जल संस्थान में नौकरी को लेकर विवादों में आए। 2019 में ऋषिकेश में ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के एक कार्यक्रम के दौरान उनकी और तत्कालीन सरकार में दायित्वधारी भगत राम कोठारी की सड़क पर ही तीखी झड़प का वीडियो वायरल हुआ था। यह विवाद केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचा था। वर्तमान सरकार में जर्मनी दौरे पर जाने से पहले अग्रवाल ने शहरी विकास विभाग में 74 ट्रांसफर कर दिए, जिस पर सीएम धामी ने रोक लगा दी थी। एम्स में ट्रांजिट कैंप का काम रुकवाने को लेकर भी अग्रवाल विवादों में आए थे।





# केदारनाथ में भारी बर्फबारी,हजारों यात्री फंसे

## केदारनाथ धाम पहुंचे डीजीपी,यात्रियों से की खराब मौसम को देखते हुए सहयोग की अपील

रूद्रप्रयाग/देहरादून। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए पुलिस महानिदेशक के आदेश पर बुध वार को केदारनाथ यात्रा स्थगित रहेगी। ऋषिकेश, श्रीनगर से ही यात्रा को रोक दिया गया है। आज पुलिस महानिदेशक ने यात्रियों से खराब मौसम को देखते हुए सहयोग की अपील की है। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने मंगलवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन किये वहीं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीजीपी ने अपील करते हुए कहा है कि केदारनाथ में भारी बर्फबारी हो रही है, जिससे वहां रहना मुश्किल है। मौसम विभाग ने भी 2 व 3 मई के लिए अलर्ट जारी किया था। ऐसे में बुधवार को केदारनाथ में रुकना संभव नहीं है और इसलिए बुधवार को केदारनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड में सभी यात्रियों को रोका जाएगा। ऋषिकेश व श्रीनगर से मंगलवार दोपहर बाद ही यात्रा रोक दी गई है। डीजीपी ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे फिलहाल ऋषिकेश तक आने का प्लान भी न बनाएं। साथ ही जो यात्री श्रीनगर, रुद्रप्रयाग तक ठहरे हुए हैं वे भी 4 मई की सुबह तक केदारनाथ जाने का विचार न करें। इधर, जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग में भी पुलिस ने हजारों यात्रियों को रोक दिया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को यात्रा का आवागमन बंद करने को कहा है। पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि सीमावर्ती जनपदों से भी यातायात रोका जा रहा है। सोनप्रयाग से सुबह 6 से सुबह 10.30 बजे तक 9000 यात्री केदारनाथ के लिए रवाना हुए। जबकि 4500 यात्रियों को रोका गया। यात्रियों को पैदल मार्ग के पड़ावों व अन्य स्थानों पर तैनात पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ के जवानों की मौजूदगी में रास्ता पार कराया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि सोमवार को



तिलवाड़ा से सोनप्रयाग तक नौ हजार यात्री रोके गए थे। इन यात्रियों को सकुशल धाम भेजा गया। मौसम को देखते हुए सोनप्रयाग में यात्रियों की ज्यादा भीड़ न हो, इसके लिए रुद्रप्रयाग से ही यात्रियों से अपने-अपने होटल, लॉज के कमरों में रुकने की अपील की जा रही है। केदारनाथ में आए दिन बर्फबारी हो रही है, जिससे मूलभूत सुविधाएं जुटाने में दिक्कत हो रही है। श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा का अनुभव कराने के उद्देश्य से डीजीपी अशोक कुमार ने श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का जयाजा लिया और किसी भी यात्री को कोई परेशानी न हो इसको सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने धाम पर तैनात पुलिस बल से संवाद कर उनके रहने, खाने आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं के साथ उत्तराखंड पुलिस की थीम मित्रता सेवा सुरक्षा की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित कर वर्तमान में जारी मौसम सम्बन्धी अलर्ट के दृष्टिगत अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी के निर्देश दिए। श्री केदारनाथ धाम में मौसम फिर से खराब हो गया है और बहुत भारी बफबारी हो रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत उन्हें ऋषिकेश एवं श्रीनगर में रोक दिया गया है। सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड में मौजूद यात्रियों से भी अपील की कि अभी श्री केदारनाथ ध ाम की ओर चढ़ाई न करें। सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कृपया मौसम साफ होने तक अपनी यात्रा को रोक लें। मौसम के मद्देनजर संभल कर और मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार यात्रा प्रारंभ करें। हांलाकि यात्रियों के आगमन का सिलसिला जारी है जिससे व्यवस्थाओं में जुटी पुलिस को सोनप्रयाग में भारी भीड़ को नियंत्रित करना बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। बाहरी राज्यों से पहुंच रहे यात्रियों को रोकने से जहां उनके रहने और स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर परेशानी हो सकती है । वहीं यात्रा पड़ावों पर जगह जगह अनावश्यक रोकने से यात्री परेशान हो रहे है। यात्रियों की माने तो पैदन यात्रियों की सुविधा के लिये यात्रा सुचारू रूप से चलनी चाहिये।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं पर की चर्चा

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकास खंड सभागार में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने एवं उसका लाभ दिये जाने पर समीक्षा की गयी। आयोजित समीक्षा बैठक उपाध्यक्ष ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग डा. एमएस नेगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विकास खंड में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एवं स्थानीय पलायन को कम करने पर समीक्षा की गयी। इस समीक्षा बैठक में पशु चिकित्साधिकारी गदरपुर रवि शंकर झा, बाल विकास परियोजना अधिकारी गदरपुर बीना भण्डारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी गदरपुर शेखर जोशी, उद्यान विभाग के सुभाष रेयाल, मत्सय विभाग के नीलू नगरकोटी, कृषि विभाग के अनिल अरोरा, लोनिवि से विनोद कुमार, मंडी सचिव योगेश तिवारी, पंचायती राज से एडीओ राजपाल, गन्ना विभाग से नवनीत, पशुपालन विभाग से रविशंकर झा, जिला उद्योग केन्द्र एडीओ सीएसनेगी, स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सरना आदि द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की विभिन्न जानकारी से अवगत करवाया गया तथा अपने विभाग की परेशानी से भी अवगत करवाया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. सरना ने बताया कि अस्पताल





में तीन चिकित्सकों का आभाव है, अल्ट्रासाउंड मशीन, डिजिडल एक्सरे मशीन का आभाव है जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कृषि विभाग के अनिल कुमार छोटे किसानों की आय को कैसे बढ़ाया जाये पर चर्चा करते हुए कहा कि बीज वितरण एवं बीज उत्पादन पर कार्य चल रहा है जिससे किसानों को अच्छी किस्म के बीज मिल सके जिससे उनकी फसल का उत्पादन बढ़ सके। पशुपालन विभाग के डा. रविशंकर झा ने बताया कि किसानों को बैंकों में केडिट कार्ड बनवाने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन योजना चल रही है। उन्होंने बताया योजना के तहत 100 बकरियों पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

# तीन पत्ती की लत ने बनाया बैंककर्मी को चोर

देहरादून। कोतवाली नगर पुलिस ने धोखाधडी कर लोगों के खातों से गबन करने वाले बैंक कर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर बैंक में एक महिला खाता धारक के 40 लाख रुपए के फिक्स डिपाजिट को धोखाधडी कर अपनी पत्नी व अन्य खातों में ट्रांसफर करते हुए धनराशि का गबन का आरोप था। आरोपी को देहरादून पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा दी जानकारी के मुताबिक आरोपी की पहचान निशांत सडाना पुत्र स्व सुरेन्द्र कुमार सडाना निवासी पशुपति हाईट्स नेहरु कालोनी के रूप में हुई है। आरोपी निशांत सडाना साल 2015 से 2021 तक यूनियन बैंक शाखा में सहायक प्रबन्धक के पद पर तैनात था।आरोपी ने कैसिनों तीन पत्ती खेल की लत लगने के कारण अपने पद का दुरूपयोग करते हुए बैंक में एक महिला खाता धारक के 40 लाख रुपए के फिक्स डिपाजिट को धोखाधडी कर अपनी पत्नी व अन्य खातों में ट्रांसफर करते हुए धनराशि को



गबन कर लिया गया था। आरोपी वर्तमान में वर्तमान में सहायक प्रबन्धक हल्द्वानी में तैनात है।हालांकि बैंक प्रशासन द्वारा पीड़ित महिला के गबन किए गए 40 लाख रुपए उसे वापस कर दिए गए थे। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू की और जांच के बाद पुलिस ने आरोपी निशांत सड़ाना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी निशांत ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उसे आनलाइन कैसिनों तीन पत्ती खेल की लत है। जिसके कारण उसने अपने सारे पैसे खेल में उड़ा दिए। खुद के पास पैसा न रहने पर उसने अपने बैंक की एक महिला खाताधारक के खाते से फिक्स डिपाजिट किये गए 40 लाख रुपए धोखे से अपनी पत्नी और परिजनों के अकाउंट में ट्रांसफर कर धनराशि को भी ऑनलाइन कैसिनों तीन पत्ती गेम में लगाकर उडा दी थी।

MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER
AVAILABLE HERE
NEELKANTH ENTERPRISE
Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614

# पूर्व सीएम हरीश रावत 6 मई को करेंगे अल्मोड़ा में उपवास

## गुरुड़ाबांज में स्वीकृत हरिप्रसाद टम्टा पारंपरिक शिल्प उन्नयन और प्रशिक्षण संस्थान की उपेक्षा करने का आरोप

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने बताया कि गुरुड़ाबांज में स्वीकृत हरिप्रसाद टम्टा पारंपरिक शिल्प उन्नयन और प्रशिक्षण संस्थान की उपेक्षा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अब विपरीत मौसम के चलते 4 मई के स्थान पर 6 मई की प्रात: 11 बजे से जिला मुख्यालय अल्मोड़ा में चौहानबाटा में लेफ्टिनेंट कर्नल सतीश चंद्र जोशी पार्क में स्थित मुंशी हरी प्रसाद टम्टा की मूर्ति के नीचे चोबीस घंटे के उपवास पर बैठेंगे पूर्व में कांग्रेस के दिग्गज नेता व पूर्व सीएम हरीश रावत का आगामी 4 व 5 मई को चौघानपाटा में लैफ्टिनेंट कर्नल सतीश चंद्र जोशी पार्क में स्थित मुंशी हरिप्रसाद टम्टा स्मारक के नीचे उपवास पर बैठने का कार्यक्रम था। परंतु विपरीत मौसम के चलते अब ये उपवास कार्यक्रम 6मई की प्रात: 11 बजे से प्रारंभ होगा।श्री कुंजवाल ने बताया कि पूर्व सीएम हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीते वर्ष 24 अगस्त को गुरुड़ाबांज में धरना प्रदर्शन किया था।जहां हरीश रावत ने शिल्प उन्नयन संस्थान केनिर्माण के लिए प्रदेश सरकार को अल्टीमेटम दिया था।तब हरीश रावत ने सरकार को चेताते हुए कहा था कि अगर एक साल के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो व लंबा अनशन करेंगे।श्री कुंजवाल ने कहा कि शिल्प उन्नयन संस्थान का निर्माण कार्य अधर में लटक गया हैपर्वतीय क्षेत्र की परंपरागत कला और शिल्प को बचाने और संरक्षित करने के लिए कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गुरुड़ाबांज में 100 करोड़ की लागत से स्व. हरिप्रसाद टम्टा पारंपरिक शिल्प उन्नयन और प्रशिक्षण संस्थान मंजूर किया गया था।9 नवंबर 2016 को तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इसका शिलान्यास करने गुरुड़ाबांज पहुंचीं।बावजूद इसके भूमि के समतलीकरण और चाहरदीवारी के अलावा वहां आज तक कुछ काम नहीं हो सका है। कांग्रेस शासनकाल में निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये अवमुक्त हुए इस धनराशि से समतलीकरण, चाहरदीवारी, सड़क निर्माण, पानी, बिजली की लाइन बिछाने,टंकी निर्माण के अलावा भवन की बुनियाद डालने के काम हुए।लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद काम आगे नहीं बढ़ सका है।श्री कुंजवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस संस्थान के कार्य रुकने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार है।श्री कुंजवाल ने अल्मोड़ा जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवम संभ्रांत जनता का आह्वाहन किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में हो रहे इस धरने के समर्थन में अधिक से अधिक संख्या में अपनीभागीदारी सुनिश्चित करें।

# मोहनी एकादशी पर लगा श्याम बाबा का दरबार

## गायक आलोक ने मधुर भजनों से मचाई धूम

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के श्री सनातन धर्म मंदिर में मोहनी एकादशी पर खाटू श्याम बाबा का विशाल दरबार सजा। बाबा भक्त महेश





मित्तल ने सपरिवार बाबा की ज्योति प्रज्वलित की और रुद्रपुर से आये भजन गायक आलोक श्रीवास्तव ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं और पलकें ही पलकें बिछायेंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आयेंगे आदि भजनों के द्वारा अपनी मधुर वाणी से भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। पूरा परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजायमान हो गया। संकीर्तन में सुन्दर झांकियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर जगदीश प्रसाद मित्तल,कपिल मित्तल,शीतल सिंघल,भीमसेन गर्ग,सुरेश अग्रवाल,सुरेश सिंघल, विकेश सिंघल,अभिनव गोयल, आकाश मित्तल,शिवम मित्तल, विजय सिंघल,गणेश मित्तल, डाक्टर ओमकार सिंह,रमेश गोयल,सुशील जैन,रितेश गोयल, दीपक गोल्डी,विकास मित्तल,टीटू गोयल,बजरंग गुप्ता,राकेश गुप्ता, विकेश सिंघल,संजीव सिंघल प्रदीप शर्मा,संगीता मित्तल, सरिता मित्तल,निशा मित्तल, ममता मित्तल,श्वेता मित्तल,कंचन लता,पूजा गुप्ता आदि रहे।

# भ्रष्टाचार के आरोप में पालिका कर्मी निलंबित

गदरपुर(उद संवाददाता)। भ्रष्टाचार के आरोप में नगर पालिका परिषद के बड़े बाबू को निलंबित कर दिया गया है। भ्रष्टाचार में लिप्त बड़े बाबू का रिश्वत लेते हुए वीडियो बना लिया था। जिस खबर को संज्ञान लेते हुए बड़े बाबू को निलंबित किया गया है। बीते दिनों नगर पालिका में तैनात बड़े बाबू शिव प्रकाश गुप्ता को रिश्वत लेते हुए वीडियो बनाया गया था। जिस पर पालिका के उच्च अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए बड़े बाबू शिव प्रकाश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया है कि गदरपुर में बड़े बाबू का कार्यभार करने वाले शिव प्रकाश गुप्ता के दो हजार रूपए की रिश्वत लिए जाने के संबंध में पालिका की छवि धूमिल हुई है। जिस पर उत्तराखंड पालिका केंद्रीय कर्मचारी सेवा समूह का नियम वाली 2017 के नियम 3 (क) एवं नियम 29 के दृष्टिगत सरकारी लोकसेवक अनुशासनहीनता एवं अनियमितता व पालिका की छवि खराब करने के आरोप में शिव प्रकाश गुप्ता लिपिक नगर पालिका परिषद के विरुद्ध अनियमितता हेतु और विभागीय जांच पूरी हो जाने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। जिसकी जांच प्रभारी अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्र को दी गई है। शिव कुमार गुप्ता को सौपे गए समस्त पटलीय दायित्व को अशोक कुमार बांगा, लिपिक नगरपालिका गदरपुर अपने कार्यों के साथ-साथ निर्वहन करेंगे। वहीं, जगदीश चंद्र प्रभारी अधिशासी अधिकारी से तीन दिन के अंदर आरोप पत्र मांगा गया है।

# राज्यपाल ने सपरिवार पांवटा साहिब गुरुद्वारे में नवाया शीश

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को पांवटा साहिब स्थित गुरुद्वारे में सपरिवार मत्था टेक कर देश एवं प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने लंगर भी छका।



गुरुद्वारे पहुंचने पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

# रेलवे प्रकरण में अब अगस्त में होगी सुनवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण प्रकरण में सुप्रीमकोर्ट में मुख्य याचिकर्ता सपा उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी के बहुचर्चित रेलवे भूमि प्रकरण मामले में उच्चतम न्यायालय दिल्ली में सुनवाई हुई। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने मजबूती के साथ पीड़ित बस्ती वासियों का पक्ष रखने के साथ-साथ प्रदेश सरकार व रेलवे विभाग को आड़े हाथो लेते हुए अभी तक राज्य सरकार और रेलवे द्वारा जवाब ना दाखिल करने पर रोष व्यक्त किया। श्री सिद्दीकघे ने बताया न्यायालय ने प्रभावित लोगों को राहत देते हुए आगामी अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में मामले को सूचीबद्ध कर सुनवाई करने के आदेश पारित किए हैं। श्री सिद्दीकी का कहना है कि एक तरफ तो रेलवे निर्दोष लोगों को उजाड़ने में लगी थी और अब रेलवे बार-बार समय मांग रही हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है उच्चतम न्यायालय बस्ती वालों के हक में बेहतर फैसला करेगा। उन्होंने बताया कि मामला उच्चतम न्यायालय में जब तक विचाराधीन रहेगा तब तक स्टे जारी रहेगा ऐसा न्यायालय ने आदेश दिया है। गौरतलब है कि गत वर्ष उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी में रेलवे अतिक्रमण भूमि को खाली कराने के आदेश पारित किए थे। जिसमें पीड़ितों ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए पीड़ित को फौरी तौर पर राहत दी थी।

# बारिश ने बढ़ाई लोगों की दुश्वारियां

## डीडी चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुआ जलभराव,कीचड़ से पटी सड़कें





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले चार दिन से रूक रूक कर हो रही हो रही बरसात ने आम जनता की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। वहीं मौसम ने भी हल्की सी करवट ली है। हो रही बरसात से महानगर के अनेक क्षेत्रों में जलभराव हो जाने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कच्चे व जर्जर मार्गों पर से होकर गुजरना जोखिम भरा हो गया है। नगर क्षेत्र में मौजूद नालियों के जगह जगह चौक हो जाने से नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। नगर के ट्रांजिट कैम्प, डीडी चौराहा, अटरिया रोड, मुख्य बाजार, बाटा चौक, अम्बेडकर पार्क, अग्रसेन चौक, आरआर क्वार्टर, भूरारानी मार्ग, सुभाष कालोनी, फुलसुंगा, गंगापुर मार्ग, रम्पुरा, पहाड़गंज, काशीपुर बाईपास रोड़, इंडस्ट्रीयल एरिया, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, आदर्श कालोनी सहित तमाम क्षेत्रों में थोड़ी देर की बरसात में ही जलभराव हो जाना एक सामान्य बात हो गया है। वर्षों बीत जाने के बाद भी इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं खोजा जा सका है। रोड़ चौड़ीकरण के नाम पर एनएच व प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग पर राममनोहर लोहिया व नेहरू मार्केट की सैकड़ों दुकानों को उजाड़े करीब ड़ेढ़ माह का समय व्यतीत हो चुका है। परंतु अभी तक न तो रोड़ चौड़ीकरण का कार्य शुरू हुआ और न ही उजाड़े गये दुकानदारों के पुर्नवास की कोई व्यवस्था हुई। बरसात के दौरान दोनों ही स्थलों पर कीचड़ हो जाने से लोगों का वहां से होकर गुजरना मुश्किल हो गया है। वहीं गांधी पार्क में जलभराव से कीचड़ हो गया है जबकि सड़कों के किनारे फेका गया कूड़ा बहकर नालियों में जमा हो रहा है। बरसात ने एक ओर जहां लोगों की परेशानियां बढ़ाई हैं तो वहीं दूसरी ओर लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। साथ ही किसानों के लिये भी यह बरसात लाभकारी साबित हो रही हैं।



## लीगल एंड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम का उद्घाटन किया

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय अल्मोड़ा में नवनिर्मित लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला द्वारा रिबन काट



कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चीफ लगल एड डिफेंस काउन्सिल को उनके कार्यों को यथोचित किये जाने की सलाह दी जिससे की प्रत्येक व्यक्ति को विधिक सहायता सुलभता से प्राप्त हो कसे एवं विधिक सहायता से सम्बन्धित कार्यों को त्वरितता से किये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अववर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दया राम, सीनियर सिविल जज रविन्द्र कुमार मिशरा चीफ डिफेंस काउन्सिल देवेश बिष्ट सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे ।

## अर्द्धमहाकुंभ की तैयारियों को लेकर सड़क खोलने में जुटा लोनिवि

बागेश्वर( उद संवाददाता)। पवित्र सरयू नदी के उद्गम स्थल सरमूल के भद्रतुंगा मैं पहली बार आयोजित हो रहे अर्थमहाकुंभ की तैयारियों को लेकर जिला वाहन मुनार के समीप पहाड़ी में चढ़ाई में जाते समय वाहन फसने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। जिसके बाद जेसीबी लगाकर फंसे वाहन को रस्सियों और तार की मदद रखने के लिए दो जेसीबी मशीनें लगाई गई है। बता दें कि आज से अर्ध महाकुंभ का आयोजन होना है वही अर्धमहाकुंभ के लिए देश विदेश से सैकड़ो ऋषि और





प्रशासन सतर्क है। लोनिवि द्वारा पिंडारी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण करा दिया गया है। बारिश में भी चौड़ीकरण किया गया, वही कपकोट नगर पंचायत से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बायो टॉयलेट ले जा रहा से यातायात के लिए सुचारू कराया गया। वही लोनिवि के अपर सहायक अभियंता जी एस मेहरा ने बताया कि अर्द्ध महाकुंभ के लिए सड़क निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है,मार्ग को सुचारू महायोगी कार्यक्रम स्थल पहुंच गए है। वही आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने बताया कि आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## सड़क पर कीचड़ होने से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

काशीपुर। सड़क निर्माण की मांग को लेकर कॉलोनी के लोगों ने जर्जर हो चुकी सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। कॉलोनी के लोगों ने शीघ्र सड़क का निर्माण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मंगलवार को बसपा महानगर अध्यक्ष एमए राहुल के नेतृत्व में खालिक कॉलोनी के लोगों ने जर्जर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। कहा कि नगर निगम बने 10 साल हो चुके हैं, लेकिन खालिक कॉलोनी-ढेला बस्ती रोड का निर्माण आज तक नहीं हो सका। बारिश होने पर लोगों के साथ ही स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बसपा महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जिस मोहल्ले में दिक्कतें होंगी वह उसी मोहल्ले में पहुंचकर वह धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने एक महीने के अंदर सड़क नहीं बनने पर नगर निगम में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

# रूद्रपुर के वार्ड 38 को मॉडल बनाने का अभियान शुरू

## परफेटी और सुधा संस्था ने वार्ड को लिया गोद

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। शहर के आवास विकास वार्ड नं. 38 को मॉडल वार्ड बनाया जायेगा इसके लिए योजना पर काम शुरू हो गया है। स्वच्छता में वार्ड 38 को नंबर वन बनाने के लिए सिडकुल की परफेटी कंपनी और सुधा संस्था ने वार्ड को गोद लिया है। के लिए सिडकुल की परफेटी कंपनी और सुधा संस्था के बीच करार भी हुआ साथ ही कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों को जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने अपने हाथ में लिया है। मंगलवार को जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त रामपाल सिंह ने एक होटल में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी और उपस्थित लोगों को कूड़ा सेग्रिकेसन की शपथ भी दिलाई गयी। साथ ही जिलाधिकारी ने कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों लिए प्रयास करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग सफाई के लिए जागरूक होंगे तो न सिर्फ शहर सुंदर नजर आयेगा बल्कि जनसामान्य को तमाम रखना सिर्फ नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं बल्कि शहर के हर नागरिक को शहर की स्वच्छता के लिए जागरूक होना पड़ेगा तभी हमारा शहर स्वच्छता के मामले में पहले पायदान पर होगा। मेयर ने कहा नगर निगम स्तर से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में








मंगलवार को एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत और मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा की मौजूदगी में वार्ड को मॉडल बनाने के लिए अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान वॉर्ड को मॉडल बनाने और मेयर रामपाल सिंह ने हरी झण्डी दिखाई। बता दें शहर के आवास विकास वार्ड नं. 38 को मॉडल वार्ड बनाने के लिए चिन्हित किया गया है। इसके लिए सीएसआर के तहत सिडकुल की परफेटी कंपनी अपना सहयोग देगी वार्ड में वेस्ट सेरीगेशन का काम सुधा संस्था आयोजित कार्यक्रम में दीप जलाकर इस अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एमओयू भी साईन किया गया। इस दौरान सोसायटी फॉर उत्तरांचल डेवलपमेंट एंड हिमालयन एक्शन सुधा संस्था द्वारा उपस्थित सभी लोगो को कूड़ा सोर्स सेग्रिकेशन पर को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सफाई जैसे महत्वपूर्ण काम के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं और औद्योगिक इकाईयों को भी शहर एवं अपने क्षेत्र की स्वच्छता और सुंदरता के तरह की बिमारियों से भी छुटकारा मिलेगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि फिलहाल र्वाड 38को स्वच्छता का मॉडल बनाने का अभियान शुरू किया गया है धीरे धीरे सभी वार्डों में इस तरह के अभियान को क्रियान्वित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। आगे भी इन प्रयासों में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। इस अवसर पर कंपनी के प्रभाकर मिश्रा, विवेक गर्ग,सुरेंद्र कुकरेती, मोनिका मोर,फातिमा,राजेश जग्गा, प्रेम सिंह, रवि कुमार, आशीष मित्तल, चरणजीत सिंह, आशीष विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस पर डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में मंगलवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में सड़क, सिंचाई, पेंशन, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, रास्ता विवाद आदि से सम्बन्धित कुल 15 कार्यवाही से फरियादियों को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या हो, उसका निस्तारण व्यक्तिगत रुचि लेकर हल करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए स्थिति ऑनलाइन चौक कराई तथा सभी कमियां दूर कराने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिये। कोठा के ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा ने ग्राम सभा नारायणपुर लिंक मार्ग से भारी वाहनों (टॉल टैक्स से बचकर निकलने वाले वाहनो) की आवाजाही पर रोक लगाने, सैनानी चौक पर रोड सही कराने, कूड़ा निस्तारण हेतु भूमि उपलब्ध कराने, नदी का प्रस्ताव शासन में भेजा गया है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को डिसिल्टिंग हेतु प्रधान के साथ मौका मुआयना करने के निर्देश दिये। अमरदीप कॉलोनी निवासी वंशिका गुप्ता ने जल भराव, तथा कूड़ा उठान कार्य रेगुलर न होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य नगर आयुक्त को वार्ड नम्बर-10 का कार्यवाही करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिये। गीता पाण्डे ने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी को जांच कराते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने के निर्देश दिये। तहसील सितारगंज निवासी सुखविन्दर कौर ने भूमि पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधि किया गया। तहसील दिवस पर में 08 व्यक्तियों के आधार कार्ड अपडेट किये गये, राजस्व विभाग द्वारा आय प्रमाण पत्र निर्गत किये, पंचायती राज विभाग द्वारा 06 परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।तहसील दिवस में मुख्य






प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है उन सम्स्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समबद्धता एवं प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें और कृत कहा कि तहसीलद दिवस के अलावा विभिन्न अवसरों पर मिलने वाले फरियादियों को शालीनता एवं तन्मयता से सुना जाये और समस्याओं का निस्तारण एवं समाधान उचित ढंग से किया जाये।प्रमुख समस्याओं में मिथुन वर्मन ने दिव्यांग पेंशन प्राप्त न होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही पेंशन रूकने की वास्तविक से सिल्ट निकलवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने भारी वाहनों की रोकथाम हेतु गार्डर लगवाने के निर्देश एनएच के अधिकारियों के लिए दिये। उन्होंने कूड़ा निस्तारण हेतु भूमि आरक्षित करने के निर्देश पटवारी को दिये। सैनानी चौक पर रोड निर्माण कार्य के बारे में जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि रोड नवीनीकरण अपशिष्ट प्रबन्धन व्यवस्था चौक कराने के निर्देश दिये। ममता देवी ने पारिवारिक स्थिति से अवगत कराते हुए पीले राशन कार्ड के स्थान पर सफेद राशन कार्ड बनवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने पात्रता के आधार पर तत्काल सफेद राशन कार्ड बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को तथा विधवा पेंशन हेतु आवश्यक कारी ने प्रकरण की जांच करने के निर्देश उप जिलाधिकारी सितारगंज को दिये। निजामुद्दीन अंसारी ने भवन निर्माण हेतु पट्टा आवंटन की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने निजामुद्दीन को पीएम आवास योजना के अन्तर्गत आवेदन करने के लिए कहा।तहसील दिवस दो महिलाओं पूजा देवी पुष्पा देवी को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, तहसीलदार नीतू डागर, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हुआ वारंटी

बागेश्वर( उद संवाददाता)। वैसे तो प्रदेश में सबसे अधिक सजग और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस सजग दिखती है, परंतु कही बार पुलिस आम व्यक्ति पर सख्ती तो रसूखदारों और नशे के सौदागरों के साथ नरमी भी बरतती है, ऐसा क्यों होता है ये पुलिस की कार्यशैली जाने, वही एनडीपीएस के मामले में न्यायालय में विचाराधीन चल रहे मामले में वारंटी को पकड़ने के बाद आरोपी का स्वास्थ्य परीक्षण कराने गई पुलिस टीम को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया, वही पुलिस अभिरक्षा के दौरान एक आरोपी पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया, वही अभिरक्षा के दौरान आरोपी के फरार होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है, वही दोपहर के समय वांछित आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही थी, तभी आरोपी की कोविड जांच के लिए भेजा गया, जहां से आरोपी पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया। वही आरोपी के फरार होते ही पुलिस के सिपाही उसकी खोजबीन में जुट गए, जिसके बाद इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई, वही आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस उसकी खोजबीन में जुट गई,वही पुलिस के आलाधिकारी भी आरोपी की खोजबीन में जुट गए, वही पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने बताया कि मामले में पुलिस की टीमें आरोपी की तलाश में जुट गए है, कहा कि मामले की गम्भीरता से जांच कीजा रही है, जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वही जांच कर कोताही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की बात कही।वही आरोपी के इस तरह पुलिस अभिरक्षा में फरार होने से पुलिस की कार्यशैली और लापरवाही पर सवालिया निशान उठने लगे है।

## परीक्षा देने जा रही युवती की हादसे में मौत,पिता घायल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस लालकुआ क्षेत्र के बिंदुखत्ता स्थित संजय नगर -2 निवासी सेवानिवृत ऑनरी कैप्टन लक्ष्मण सिंह ठाकुरी की 25 वर्षीया पुत्री की स्कूटी पर सवार होकर हल्द्वानी परीक्षा देने जाने के दौरान मार्ग में अचानक स्कूटी का टायर फट जाने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि



पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गये। रेनू ने चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार विगत दिवस बिंदुखत्ता के संजय नगर 2 निवासी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन लक्ष्मण सिंह ठाकुरी अपनी 25 वर्षीय पुत्री कुमारी रेनू को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी में हो रही एक परीक्षा में शामिल करने के लिए अपनी स्कूटी से लालकुआं की ओर को आ रहे थे।लालकुआं थाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास अचानक उनकी स्कूटी का टायर फट गया और स्कूटी घिसटती हुई काफी दूर तक चली गई। हादसे में लक्ष्मण सिंह घायल हो गए जबकि छात्रा रेनू के सिर में गंभीर चोट आने से खून से लथपथ होकर वह बेहोश हो गई। आनन- फानन में रेनू को परिजन पहले हल्द्वानी के निजी अस्पताल में ले गए। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर भोजीपुरा के एक अस्पताल में उसे भर्ती कराया। जहां गत दिवस रेनू ने उपचार के दौरान दम तोड़ा दिया। बेटी की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम गौला नदी के किनारे रेनू का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। लक्ष्मण सिंह का एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं जिनमें मृतका रेनू सबसे छोटी थी। अन्य सभी का विवाह हो चुका है।

## आईडीएस ऑटोमेशन का सिक्स सिग्मा में कैंपस ड्राइव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का कैम्पस प्लेस्मेंट कराया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया । इस प्रक्रिया में कम्पनी के डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। ।प्रक्रिया में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 2023 के 25



प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 4 प्रतिभागियों का चयन हुआ। चयन के छात्रों में खुशी व सकारात्मक भावना थी । छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य श्री ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनज्मेंट टीम मेम्बर वंश डाबर, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह व सीएओ अनुभव बाठला जी ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा ।

## उद्योग बंधुओ को जिला प्रशासन देगा भरपूर सहयोग

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने महाप्रबंधक उद्योग को उद्योग से संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर उद्योग बंधुओं से सुझाव लेने व उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनपद में राज्य स्तरीय समितियों में चौंबर का सदस्य अवश्य रखने के साथ ही छोट-छोटे उद्योगों को पर्वतीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। उद्यमी दलीप खेतवाल ने प्रस्तावित उद्योग नीति में पहाड़ में जो कच्चा मॉल उपलब्ध है,



उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रोत्साहन के लिए नई उद्यम नीति बनाई जा रही हैं, उन्होंने सभी उद्यमियों से सुझाव देने को कहा।अध्यक्ष चौंबर ऑफ कॉमर्स नरेंद्र खेतवाल ने नीति में उद्योंगो को ट्रांसपोर्ट व विद्युत सब्सिडी देने का सुझाव देते हुए उसी से संबंधित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही उन उद्योगों में कर्मचारियों की मांग के अनुसार उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण देने की व्यवस्था का सुझाव दिया। उद्यमियों द्वारा जनपद में लकड़ी डिपो स्थापित करने की मांग रखी। बैठक में मिनी औद्योगिक आस्थान गरुड़ में रिक्त शैडो के आवंटन पर भी विचार विमर्श किया गया, जिस पर महाप्रबंधक उद्योग ने बाताया कि आवंटन को दिशा निर्देश के लिए शासन का पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि ताम्र ग्रोथ सेंटर में थ्री फेज 25 केवीए में विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा चुका है, साथ ही ग्रोथ सेंटर में मशीनें भी स्थापित कर दी है। उद्यमी इंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उनके द्वारा 25 केवीए का सौलर प्लांट लगाया गया है, जिसमें तकनीकी खामियों के कारण अपेक्षित विद्युत उत्पादन नहीं हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने सौलर वैंडर से वार्ता कर तुरंत ठीक कराने के निर्देश उरेडा को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, लीड बैंक अधिकारी एनआर जौहरी थ्रीश कपूर, आनंद खोलिया, केवलानंद, डॉ. जीतेंद्र तिवारी आदि उद्यमी मौजूद थे।

## अस्थमा डे पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वर्ल्ड अस्थमा डे के उपलक्ष्य में रुद्रपुर शहर के बहुचर्चित अस्पताल मेट्रो सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में डॉ. मनदीप सिंह द्वारा निशुल्क ओपीडी व निशुल्क फेफड़ों की जांच की गई।डा. मनदीप सिंह ने कहा कि मेट्रोसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर समय समय पर विभिन्न निशुल्क कैंप आयोजित करता है जिसका जरूरतमंदों को बड़ा लाभ मिलता है और लोग आसानी से अपनी बीमारी को जान पाते हैं। शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने वर्ल्ड अस्थमा डे के उपलक्ष में कराई गई जांचों लाभ उठाया। इस दौरान डा. मंदीप सिंह ने शिविर में आये लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिये। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण आज फेफड़ों की बिमारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। फेफड़ों की बिमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने धूम्रपान से दूर रहने की सलाह भी दी। शिविर में मेट्रोसिटी हॉस्पिटल की पूरी टीम सहयोग में जुटी रही।




## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# तलाक की सहमति

शीर्ष अदालत ने कहा कि पति-पत्नी के बीच आई दरार को पाटना संभव नहीं हो पा रहा है तो ऐसी शादी को आपसी सहमति के आधार पर छह महीने से पहले भी खत्म किया जा सकता है। भारतीय समाज में विवाह एक सामाजिक परंपरा है, लेकिन यह इस संबंध में बने कानून के दायरे में भी है। अगर किन्हीं कारणों से पति और पत्नी के बीच दरार आ जाती है और सुलह नहीं हो पाती तथा संबंध आखिर अलगाव के रास्ते की ओर बढ़ जाता है, तो इसके लिए एक कानूनी प्रक्रिया रही है। उसमें अंतिम फैसले तक पहुंचने से पहले खास अंतराल भी तय किया गया है। मगर इस मसले पर जिस तरह की नई परिस्थितियां बन रही हैं और जैसी जटिलताएं उभर रही हैं, उसके मुताबिक इस संबंध में नई व्यवस्था की जरूरत महसूस की जा रही थी। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की एक पांच सदस्यीय पीठ ने अब विवाह विच्छेद या तलाक को लेकर यह व्यवस्था दी है कि वह हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के मुताबिक आपसी सहमति से तलाक लेने के लिए निर्धारित छह से आठ महीने की प्रतीक्षा अवधि को समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्तियों का उपयोग कर सकती है। जाहिर है, अब अगर पति और पत्नी के आपसी रिश्तों में किसी भी वजह से आ गई दरार को खत्म कर पाना मुमकिन नहीं हो पा रहा है, तो उसके हल के रूप में तलाक लेने के लिए पहले की तरह कम से कम छह महीने तक इंतजार करने की जरूरत नहीं रह जाएगी। शीर्ष अदालत ने इस बिंदु पर कहा कि पति-पत्नी के बीच आई दरार को पाटना संभव नहीं हो पा रहा है तो ऐसी शादी को आपसी सहमति के आधार पर छह महीने से पहले भी खत्म किया जा सकता है। दरअसल, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के मुताबिक अभी तक जो व्यवस्था रही है, उसमें आपसी सहमति से तलाक की मांग करने वाला प्रस्ताव दाखिल करने के बाद पक्षकारों को दूसरा प्रस्ताव पेश करने से पहले कम से कम छह महीने और अधिकतम अठारह महीने तक इंतजार करना पड़ता था।इसका उद्देश्य यह था कि तलाक के लिए अर्जी देने वाले दोनों पक्षों को अपने फैसले पर आत्मनिरीक्षण करने के निर्णय पर फिर से विचार करने का अवसर मिल सके। ऐसे मामले भी हैं, जिनमें आपसी विवाद तात्कालिक तौर पर तो अलगाव की स्थिति पैदा करता है, लेकिन थोड़ा वक्त बीतने के साथ दोनों पक्षों के भीतर थोड़ी नरमी आती है और कभी अलग होने का फैसला बदल भी सकता है। ऐसी स्थिति में कानूनन पति और पत्नी के नए रुख के आधार पर ही अदालत का फैसला आता है। कई मामलों में तलाक का प्रस्ताव अदालत में पेश किए जाने के बाद कानूनी तौर पर निर्धारित प्रतीक्षा की अवधि कठिनाई बनती देखी गई। अब सुप्रीम कोर्ट के नए फैसले के बाद इस मसले की जटिलता थोड़ी आसान हुई है। यह छिपा नहीं है कि वक्त के साथ लोगों के सोचने-समझने और खुद को बरतने का तौर-तरीका बदला है।खासकर अगर पति और पत्नी के बीच किन्हीं वजहों से ऐसी दरार आ गई हो, जिसके हल की कोई भी गुंजाइश न बची हो तो ऐसे में साल-डेढ़ साल की अवधि इंतजार करना बेमानी लगता है। कभी-कभी एक पक्ष तलाक को अंतिम हल मानता है, मगर दूसरा पक्ष इसका विरोध करता है। ऐसी स्थिति में शीर्ष अदालत का ताजा फैसला नई दिशा देगा। किसी भी सामाजिक बदलाव और इसके लिए लोगों को तैयार होने में थोड़ा वक्त लगता है और उसका हल कई बार कानून के जरिए निकालना आसान होता है।

# देह व्यापार का भंडाफोड़,दो युवतियों को कराया आजाद

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र में होटल के अंदर चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने दो होटल मैनेजरों को गिरफ्तार किया है। ग्राहक बनकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने देह व्यापार करने वालों को पकड़ते हुए दिल्ली और पंजाब की दो युवतियों को आजाद कराया।पुलिस ने दो आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। सोमवार को रोशनाबाद पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित होटल में देह व्यापार चलने की सूचना मिल रही थी। इसको लेकर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और सीआईयू व पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई।सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों ने ग्राहक बनकर दलाल से व्हाट्सएप पर संपर्क साधा। दलाल ने महिलाओं की व्हाट्सएप पर फोटो भेजते हुए रेट तय किए और होटल की जानकारी दी। इसके बाद चार पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में ग्राहक बनकर होटल व्यू में पहुंचे।



जबकि अन्य टीम के सदस्य कुछ ही दूरी पर ठहर गए।एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि होटल में पहुंचने पर संचालक ने दो अलग-अलग कमरों में दो लड़कियों के होने की बात बताई। इस पर पुलिसकर्मियों ने टीम से जानकारी साझा की। तुरंत टीम मौके पर पहुंच गई।कमरों को खुलवाया तो अंदर दिल्ली और पंजाब की दो युवतियां मिली। जिनसे देह व्यापार कराया जा रहा था। दोनों को आरोपियों के कब्जे से आजाद कराया गया। आरोपी होटल व्यू मैनेजर इबदुल्लाह उर्फ रिहान निवासी ग्राम रसूलपुर दबेढी थाना कोतवाली बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर और होटल रैमसन के मैनजर मुकेश शर्मा निवासी जींद थाना सदर जिला जिंद हरियाणा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार आरोपी सोनू और सपना राजपूत की तलाश की जा रही है। सीओ सिटी जूही मनराल ने बताया कि पूछताछ में पीड़िताओं ने बताया कि काम धंधे की तलाश में हरिद्वार आई थी। यहां पहुंचने पर हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर सपना राजपूत नाम की महिला से मुलाकात हुई। इस महिला ने ही दोनों की मुलाकात हिल व्यू होटल में काम करने वाले मैनेजर इबदुल्लाह उर्फ रिहान और सोनू से करवाई। दोनों ने युवतियों को पैसों का लालच देकर इस गलत धंधे में धकेल दिया। आरोपी सपना राजपूत और सोनू होटल में ग्राहक लेकर आते थे। जबकि इबदुल्लाह उर्फ रिहान एवं मुकेश शर्मा अपने-अपने होटलों में कमरे उपलब्ध कराते थे।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर फूल माला एवं मिष्ठान वितरण के साथ जोरदार स्वागत किया गया । नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष हुकम सिंह के निर्देश पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है उन्होंने कहां सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फर्ज बनता है कि जन जन तक पहुंच करके उन्हें भाजपा की नीतियों से अवगत कराएं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की उन्होंने संपर्क अधिक से



अधिक लोगों से संपर्क करके भाजपा के सदस्य बनाने की अपील की । इस अवसर पर हरपाल सिंह हितकारी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रदान की गई । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में नवनियुक्त पदाधिकारियों का ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया । इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार, राजेश हितकारी ,अमरपाल सिंह, पप्पू कोली, जिला महामंत्री मोहन दिवाकर, दीपक कुमार, जिला मंत्री भूपेंद्र आर्य, चरणजीत सिंह, नवनीत कुमार ,जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ,जिला कार्यालय प्रभारी विपिन सागर, जिला मीडिया प्रभारी उमेश कुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी नरेश कुमार के अलावा दिनेशपुर मंडल अध्यक्ष महेश प्रसाद, मंडल अध्यक्ष अमन पासवान, अंकुर सक्सेना, प्रशांत कुमार,कुणाल रस्तोगी, सतीश चुघ , कपिल कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा सचिवालय में नियुक्तियों पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय में पीछे से हुई भर्तियों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने मामले में सरकार से फिर नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 30 जून को होगी। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई।मामले के अनुसार उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय में बैकडोर भर्ती, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ देहरादून निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव थापर ने जनहित याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने कहा है कि एक जांच समिति बनाकर 2016 के बाद विधानसभा सचिवालय में हुई भर्तियों को निरस्त कर दिया गया था जबकि उससे पहले की नियुक्तियों को निरस्त नहीं किया गया। सचिवालय में यह घोटाला राज्य बनने से अब तक होता रहा है। इस पर सरकार ने अनदेखी की है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि विधानसभा भर्ती में भ्रष्टाचार से नौकरियां लगाने वाले ताकतवर लोगों के खिलाफ उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में जांच कराई जाए तथा मामले में संलिप्त लोगों से सरकारी धन की वसूली की जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने 2003 में शासनादेश जारी कर तदर्थ नियुक्ति पर रोक लगाकर संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 187 का उल्लंघन किया है। इसमें हर नागरिक को सरकारी नौकरियों में समान अधिकार और नियमानुसार भर्ती का प्रावधान है। याचिका में कहा गया कि सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की 1974 की सेवा नियमावली और उत्तराखंड विधानसभा की 2011 की नियमावली का उल्लंघन किया है।

# सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा किच्छा के गांव इंद्रपुरी कॉलोनी में सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया। सिलाई सेंटर का उद्घाटन सेंट मैरी की सिस्टर सुपीरियर एलिजाबेथ ग्राम प्रधान की पत्नी सुनीता, आशा कार्यकर्ती, आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सपना ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बताया गया कि सुचेतना संस्था का मकसद है कि किशोरियों को भी शिक्षा



के साथ-साथ हर प्रकार की हस्तकला भी आनी चाहिए ग्रामीण इलाकों में किशोरिया अभी भी शिक्षा के मामले में पीछे हैं इसीलिए शिक्षा के साथ-साथ किशोरियों को सिलाई सिखाना पार्लर का काम कराना चेतना संस्थान शुरू किया है जिसमें अब 23 बालिकाएं 10 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# पत्नी का आरोप मौत से पहले पति को पीटा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस विवाह कार्यक्रम से दोस्त के साथ घर वापस लौट रहे व्यक्ति की हादसे में हुई मौत पर संदेह जाहिर करते हुए उसकी पत्नी ने पुलिस को तहरीर सौंप कर पति की मृत्यु से पहले उनकी पिटाई किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच करने की मांग की है। सुदर्शन कॉलोनी भगवानपुर निवासी भावना पांडे ने थाना मुखानी में सौंपी तहरीर में कहा है कि उनके पति मनोज चंद्र पाण्डे पुत्र पुरन चंद्र पाण्डे बीते 30 अप्रैल की रात्रि तीन पानी के पास एक शादी पार्टी में गए हुए थे। नवीन सिंह कार्की ने उन्हें जानकारी दी पार्टी से जब वह वापस घर लौट रहे थे तो ग्राम छड़ेल के पास



किसी अज्ञात वाहन द्वारा उन्हें टक्कर मार दी। नवीन को गम्भीर घायल अवस्था में विवेकानंद हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। जहां उनकी मौत हो गई। पत्नी भावना का कहना है कि उनके मृतक पति के शरीर में जगह-जगह नीले निशान देखे गए। तहरीर में मृतक की पत्नि भावना द्वारा उनके पति के साथ मारपीट किए जाने की आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले में कार्यवाई शुरु कर दी है।

# पुलवामा की घटना राजनीतिक साजिश : ऐरी

## मुजफ्फरनगर कांड के सभी गवाहों को मिले सुरक्षा

काशीपुर। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को हुई जम्मू-कश्मीर के पुलवामा की घटना में 43 जवान शहीद हुए थे। वह आतंकवादी घटना नहीं बल्कि राजनीतिक साजिश थी। इसका खुलासा जम्मू कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सतपाल मलिक ने किया है। मलिक ने साफ कहा था कि अगर सरकार ने जवानों के आने-जाने के लिए पांच हवाई जहाज उपलब्ध कराए होते तो जवान शहीद नहीं होते। इन जवानों के काफिले में कई गाड़ियां शामिल थीं लेकिन जवानों की जिस गाड़ी पर हमला हुआ वह बुलेट प्रूफ नहीं थी।रामनगर मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को आयोजित केंद्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे उक्रांद अध्यक्ष ऐरी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि उत्तराखंड सैनिक बहुल क्षेत्र है। इसलिए पुलवामा की घटना से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों में भारी रोष है। ऐरी ने कहा कि उत्तराखंड में सख्त भूमि कानून के अभाव में बड़ी संख्या में बाहरी लोग जमीन खरीद कर मकान और धार्मिक स्थल बना रहे हैं जबकि स्थानीय लोग पलायन कर रहे हैं। इन विसंगतियों के खिलाफ पार्टी जून से जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इसके लिए राज्य को पांच जोन में बांटा गया है। इस अभियान में लोगों को पुलवामा की घटना की जांच और कड़ा भूमि कानून की जरूरत के लिए जागरूक किया जाएगा। उक्रांद के अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने कहा कि मुजफ्फरनगर कांड के सभी गवाह उत्तराखंड के निवासी हैं। पहले इस घटना की सुनवाई देहरादून में हो रही थी लेकिन अब मुजफ्फरनगर में होगी जहां गवाहों के लिए खतरा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से गवाहों के वहां आने-जाने और सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की। कॉर्बेट नेशनल पार्क से लगे गांवों के लोगों को बाघ के खतरे से बचाने, अंकिता हत्याकांड और विधानसभा भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच को भी जरूरी बताया गया। उन्होंने कहा कि उक्रांद स्थानीय निकाय और लोकसभा की हर सीट पर समान विचारधारा के दलों के साथ संयुक्त मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेगी। ऐरी ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती और स्थानीय निकाय चुनाव में अधिकतम संख्या में प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया। बैठक में जोशीमठ के भूस्खलन पीड़ितों के स्थायी पुनर्वास, पर्याप्त मुआवजा देने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में एपी जुयाल, मनोज डोबरियाल, हरजाप सिंह, विजय बौड़ाई, नवीन ममगाई, रमेश, रेखा, श्याम सिंह नेगी आदि रहे।

# सिक्स सिग्मा में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाद)।सिक्स सिगमा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (कॉलेज ऑफ फार्मेसी) के प्राचार्य डॉ विजय सिंह द्वारा गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया । इस गेस्ट लेक्चर में बी. फार्मा तथा डी. फार्मा के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया । इस गेस्ट लेक्चर के मुख्य अतिथि वी.एच.बी. फार्मास्यूटिकल कंपनी के प्लांट हेड श्री नटराजन अय्यर थे । इस गेस्ट लेक्चर में उन्होंने 'लियोफिलाइजेश' विषय के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने अपनी उपलब्धियों माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया । फार्मा क्षेत्र के शिक्षण संस्थान एवं फार्मा इंडस्ट्री के मध्य के अंतर को समाप्त करने हेतु विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई एवं सैद्धांतिक अवधारणाओं के अनुभव को वास्तविक दुनिया के अनुभव से जोड़कर महत्वपूर्ण विषयों के दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी। फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस गेस्ट लेक्चर के दौरान कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोड़ा, प्राचार्य डॉ. विजय सिंह एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन तथा समस्त फार्मेसी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

# गंगोत्री जा रहे उड़ीसा के यात्रियों की कार खाई में गिरी

## यूपी के यात्रियों की कार पर गिरा पत्थर,बाबाल बाल बचे

उत्तरकाशी। गंगोत्री धाम जा रहे उड़ीसा के यात्रियों की कार खाई में लुढ़क गई। गनीमत यह रही कि कार एक पत्थर पर अटक गई। ऐसा नहीं होता तो कार नीचे भागीरथी नदी में जा गिरती। सूचना



मिलने पर हर्षिल पुलिस और स्थानीय लोगों ने कार में सवार चार यात्रियों को बाहर निकाला। हर्षिल थानाध्यक्ष दिलमोहन बिष्ट ने बताया कि सोनगाड़ में शांति बैंड के पास कार का टायर फटने से यह हादसा हुआ। कार में उड़ीसा के संजय कुमार पुरोहित, सोहिलता पुरोहित, कमानी कांता नाथ, विजयलक्ष्मी नाथ सवार थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि कार के पत्थर पर अटकने से बड़ा हादसा बच गया। सूचना मिलने पर हर्षिल पुलिस और आपदा स्वंयसेवी राजेश रावत मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बाहर निकाला। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारों यात्री सुरक्षित हैं। उन्हें दूसरे वाहन से गंगोत्री धाम भेजा गया। पुलिस ने दर्शन के बाद उन्हें होटल में रुकवाया।वहीं बदरीनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे यूपी के यात्रियों की कार हादसे का शिकार हो गई। चलती कार पर पहाड़ी से अचानक पत्थर गिर गया। गनीमत रही कि पत्थर कार की पिछली सीट पर गिरा और दोनों यात्री आगे की सीट पर बैठे थे। हादसे में कार सवार दोनों यात्री बाल-बाल बचे। गोविंदघाट थाना प्रभारी दीपक रावत ने बताया कि सनी पराशर पुत्र राजेंद्र पराशर और



अनिल पुत्र सतीश दोनों निवासी ए ब्लॉक कानपुर उत्तर प्रदेश मंगलवार शाम बदरीनाथ धाम से वापस जोशीमठ लौट रहे थे। तभी उनकी कार पर टैय्या पुल से गोविंदघाट के बीच अचानक पत्थर गिर गया। बदरीनाथ धाम में सुरक्षा का जिम्मा संभालने के साथ ही चमोली पुलिस यात्रियों की मदद में भी जुटी हुई है। धाम में लगातार मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्री परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को उत्तर प्रदेश से बदरीनाथ के दर्शनों को पहुंची एक तीर्थयात्री महिला अचानक मंदिर परिसर में चक्कर खाकर गिर गई। तब पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) नताशा सिंह और कोतवाली निरीक्षक बदरीनाथ केसी भट्ट महिला को मुख्य मंदिर परिसर लाए। एसडीआरएफ की टीम ने महिला को प्राथमिक उपचार दिया। जब महिला की तबीयत ठीक हुई तो उसे बदरीनाथ के दर्शन करवाकर अन्य परिजनों के साथ गंतव्य को भेज दिया गया।

# आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं को बांटा टेक होम राशन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कॉलोनी वार्ड नंबर 2 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 में गर्भ धात्री व गर्भवती महिलाओं को पूर्व पार्षद दिलीप अधिकारी व वर्तमान पार्षद मोनू निषाद ने संयुक्त रूप से टेक होम राशन वितरित किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री कनिका मंडल ने कहा कि हर गर्भवती महिला व गर्भ धात्री महिलाओं को लगभग ढाई किलो चावल, ढाई किलो गेहूं तथा प्रत्येक महिलाओं को आठ अंडे वितरित किए गए हैं। ताकि बच्चे कुपोषित पैदा ना हो। दिलीप अधिकारी



ने कहा कि महिलाओं को अपने खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि महिलाओं द्वारा खाया गया पौष्टिक आहार से गर्भस्थ शिशु को लाभ होगा। श्री अधिकारी ने कहा महिलाओं को धार्मिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना चाहिए। मोनू निषाद ने कहा कि यदि किसी महिला को राशन नहीं मिल पाता उनसे संपर्क कर सकती हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में क्षेत्र की सभी महिलाओं को निःशुल्क राशन वितरित किया जाता है। इस अवसर पर सुनीता, रंजना, नीलम, पूजा, आरती, सुनीता, शिवानी, किरन, निर्देश, अंजलि, माया, संध्या, सुषमा, नीतू, सुमन, भावना, सोमवती, निशा, सुशीला, दीपिका, गुड्डी, ज्योति, चंद्रकला, रश्मि, नीरज व कुसुम आदि मौजूद थीं।

# ऋषिकेश में होने वाले वाई 20 कंसल्टेशन में तनीषा करेगी जिले का प्रतिनिधित्व

गदरपुर(उद संवाददाता)। जी 20 प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के अन्तर्गत चार से पांच मई तक एम्स ऋषिकेश में होने वाले वाई 20 कंसल्टेशन में गदरपुर कि तनीषा चावला उधम सिंह नगर जिले के प्रतिनिधि के रुप में प्रतिभाग करेंगी। तनीषा नेहरू युवा केंद्र



उधम सिंह नगर में कल्पना चावला यूथ क्लब की गदरपुर अध्यक्ष है। यूथ क्लब के माध्यम से तनीषा ने गदरपुर में शैक्षिक, सामाजिक, स्वास्थ्य जागरूकता, खेलकूद कार्यक्रमों का संचालन किया। तनीषा ने समग्र शिक्षा के तहत सामुदायिक जागरूकता हेतु कैम्प आयोजित कर जन जागरूकता अभियान चलाया। तनीषा ने हर कदम बेटी के संग राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उधमसिंहनगर का प्रतिनिधित्व करते हुए संवाद किया। तनीषा ने गदरपुर के राजरानी इंटर कालेज से इंटरमीडिएट तक शिक्षा ग्रहण की। वर्तमान में तनीषा डिग्री कालेज रुद्रपुर में अध्धयनरत हैं। तनीषा को उसके शैक्षिक व सामाजिक कार्यों में उच्च मानकों व जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चयनित किया गया है। तनीषा की बड़ी बहन मुस्कान चावला भी विलक्षण प्रतिभा की धनी हैं, जो 24 दिसंबर 2022 को दिल्ली में संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर चुकी हैं।

# डॉ उषा नरेंद्र जैन को मिली अंतरराष्ट्रीय पैड ओमैन की उपाधि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ उषा नरेन्द्र जैन जो काफी समय से किशोरियों व महिलाओं को मासिक धर्म स्वस्छता पर लगातार कार्य कर रही है।



उनके कार्यों को देखते हुए एनसीडब्ल्यूडीसी ने अंतरराष्ट्रीय पैड ओमेन की उपाधि से सम्मानित किया। इसके लिये डॉ जैन ने अंतराष्ट्रीय पैडमैन लेजेंड लीडर प्रोफेसर बिरेन्द्र दवे का आभार व्यक्त किया है। डॉ जैन ने बताया कि किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता की सही जानकारी न होने की वजह से बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पडता है और साथ ही भविष्य में बड़ी बीमारी होने के खतरे भी बन जाते है इसलिए महावारी स्वच्छता प्रबंधन की जानकारी देश की हर बहन बेटी को होना अति आवश्यक है। महिलायें चेहरे का ज्यादा ध्यान रखती है जबकि महिलाओं में ज्यादातर बीमारियां चेहरे से नही बल्कि इंटिमेट एरिया से शुरू होती है। अभी तक डॉ जैन सैकड़ों स्कूलों, मौहल्लों व गाँव में इस तरह के कैम्प अपनी टीम के साथ कर चुकी है और हजारों की संख्या में मेंस्ट्रुअल हाईजीन की किट महिलाओं व बालिकाओं को बांट चुकी है और एक अभियान के तौर पर बहन बेटीयों की समस्याओं का निदान करते हुऐ आ रही है। डॉ जैन देश ही बहन बेटीयों को मासिक धर्म स्वस्छता प्रबन्ध के प्रति जागरूक करने के लिये अपनी टीम के साथ मिलकर सैकड़ों पड्यात्रायें निकाल चुकी है।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के आदेश अनुसार पुलिस क्षेत्रधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत गदरपुर थाना अध्यक्ष राजेश पांडे ने अपनी टीम के साथ दो युवकों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो



युवकों को सकैनिया रोड से गिरफ्तार किया है। उनके पास से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गोविंद कश्यप पुत्र छेदा लाल निवासी वार्ड नंबर 4 और दूसरे ने अपना नाम संजू सिंह पुत्र पुष्पेंद्र सिंह निवासी वार्ड नंबर 4 बताया है पुलिस दोनों को थाने ले आई और दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

# पेज एक का शेष...

**थप्पड़ मारने पर...**हाथापाई कर दी। इस बीच हमारा कुर्ता फट गया। सुरक्षाकर्मी ने रोका तो उनकी वर्दी फाड़ दी गई। मंत्री के थप्पड़ खाने वाला युवक सुरेंद्र नेगी नगर निगम ऋषिकेश के शिवाजी नगर क्षेत्र के निवासी हैं। वे काफी समय से सामाजिक और जनहित के आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वे शिवाजीनगर क्षेत्र से ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नगर निगम पार्षद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। वह अपने घर के पास परचून की दुकान चलाते हैं।

**लगातार बर्फबारी..**यात्रा स्थगित कर दी गई है। ऋषिकेश व श्रीनगर से मंगलवार दोपहर बाद ही यात्रा रोक दी गई है। डीजीपी ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे फिलहाल ऋषिकेश तक आने का प्लान भी न बनाएं। साथ ही जो यात्री श्रीनगर, रुद्रप्रयाग तक ठहरे हुए हैं वे भी 4 मई की सुबह तक केदारनाथ जाने का विचार न करें। इधर, जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग में भी पुलिस ने हजारों यात्रियों को रोक दिया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को यात्रा का आवागमन बंद करने को कहा है। पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि सीमावर्ती जनपदों से भी यातायात रोका जा रहा है।

**कांग्रेसियों ने फूंका...**बार भी भाजपा आलाकमान इस मामले का संज्ञान होने के बावजूद अनदेखा कर देगा, क्योंकि भाजपाइयों का सौ खून माफ है। इधर, पार्टी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग करते हुए दोषी मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन के कंधों पर राज्य की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी है, जब वही आम जनता के साथ मारपीट कर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, तो प्रदेश में कैसे कानून का राज रहेगा। <u>रूद्रपुर</u>-धामी सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल द्वारा बीच सड़क में युवक के साथ की गयी मारपीट के मामले में कांग्रेस मुखर हो गयी है। प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने डीडी चौक पर विरोध प्रदर्शन के बीच कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र का पुतला फूंका और उन्हें पद से हटाने की पुरजोर मांग की। इस दौरान कांग्रेसियों ने धामी सरकार और प्रेम चन्द्र अग्रवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि भाजपा के मंत्री और नेता सत्ता के मद में चूर होकर मर्यादा भी भूल चुके हैं। प्रेम चन्द्र अग्रवाल ने सड़क पर युवक के साथ मारपीट और अमर्यादित व्यवहार करके कानून व्यवस्था और लोकतंत्र को रौंदने का काम किया है। यह घटना बेहद शर्मनाक है। वायरल वीडियो में भाजपा के मंत्री की गुंडागर्दी साफ देखी जा सकती है। विधानसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद पर रह चुके प्रेम चन्द्र अग्रवाल जब इस तरह की हरकत कर सकते हैं तो आम भाजपाईयों से क्या उम्मीद की जा सकती है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल पहले भी विवादों में रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भाजपा सरकार उन पर मेहरबान रही है। पूर्व में जर्मनी दौरे पर जाने से पहले उन्होंने शहरी विकास विभाग में एक साथ 74 ट्रांसफर करके बड़ा खेल किया था। इन ट्रांसफरों पर मुख्यमंत्री को रोक लगाड़ी पड़ी थी। एम्स में निर्माण कार्यों को लेकर भी वह विवादों मे रह चुके हैं। विधानसभा बैकडोर भर्ती प्रकरण में भी उनकी भूमिका जगजाहिर हो चुकी है। इसके बावजूद वह मंत्री पद पर बने हुए हैं। ऐसे विवादित व्यक्ति को सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना पूरी सरकार पर सवाल खड़े करता है। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने प्रेम चन्द्र अग्रवाल को मंत्री पद से शीघ्र हटाने की मांग की। पुतला फूंकने वालों में पार्षद मोहन खेड़ा, अर्जुन विश्वास, सुनील आर्य, ममता रानी, उमा सरकार, इजहार अंसारी, दिलशाद, जुनैद, सपना गिल, बाबू विश्वकर्मा, नवाब अली, जगदीप गंगवार, वीन पंत, संदेश साहनी, राजू साहनी, शंकर साहनी, राघव सिंह, सतीश राजपूत, सोहेल खान, दिलशाद अहमद, युनूस, अबरार अंसारी, अशोक मण्डल, विधान सरकार, खगोपति, मनी मंडल, जयंती टमटा, गीता आर्या, बेबी सिकदार आदि भी शामिल थे।

**डंपर चालक ने ..**था कि मंगलवार को भी उसके जीजा नशे में धुत होकर घर आए थे और क्लेश करने लगे। सकैनिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने कहा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**दो घरों में हुई....**उक्त चोरी की घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित कर मुखबिर की सूचना पर एक विधि विवादित किशोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी हुए सम्पूर्ण माल बरामद किया गया।

**नेता प्रतिपक्ष आर्य....**अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। आर्थिक स्थित ठीक नहीं होने के बावजूद सुखीजा परिवार ने समाचार पत्र को न सिर्फ नियमित रूप से प्रकाशित किया बल्कि पत्रकारिता के मापदण्डों पर भी गिरने नहीं दिया। इसी लिए आज उत्तरांचल दर्पण पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। श्री आर्य ने कहा उत्तरांचल दर्पण आज प्रिंट मीडिया के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी अपनी मजबूत पकड़ बना चुका है यह खुशी की बात है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, मोक्षधाम गदरपुर के अध्यक्ष विजय सुखीजा, पार्षद मोहन खेड़ा, सुनील आर्य, ममता रानी, सुचेतना आदि भी मौजूद थे।

# भारी बारिश से नालियां हुई ओवर फ्लो

रूद्रपुर। बीते दो-तीन दिन से रूक-रूक कर हो रही रिमझिम बारिश ने क्षेत्रवासियों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ फैलने से लोगों को आने-जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से नालियां ओवर फ्लो हो गईं और गंदा पानी सड़क पर बहने से जगह-जगह कीचड़ जमा हो गया। ऐसे में लोगों को आने-जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि गली-मोहल्लोंमेंनालियोंकी तली झाड़ सफाई नहींहोने के कारण बारिश से नालियोंका कीचड़ पानी के साथ सड़क पर आ जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निगम प्रशासन सही ढंग से नालियों की सफाई कराए तब भी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

# डीएम ने सीवर ओवर फ्लो स्थल का किया निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। नगरपालिका पिथौरागढ़ के अंतर्गत स्थित शिवालया लाईन कॉलोनी में सीवर के ओवरफ्लो होने सम्बन्धी शिकायतों के समाधान के दृष्टिगत जिलाधिकारी रीना जोशी ने शिवालया लाईन कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिवालया लाईन कॉलोनी वासियों की सीवर ओवर फ्लो होने सम्बन्धी समस्याएं सुनी। उन्होंने जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों को शिवालय कॉलोनी की सीवर ओवरफ्लो होने संबंधी समस्या के समाधान हेतु कार्य करने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिशासी अभियंता जल संस्थान



सुरेश जोशी ने बताया कि शिवालय लाइन कॉलोनी में 18 परिवारों की प्राइवेट सीवर लाइन है जो जलसंस्थान के चौम्बर से जुड़ी है। प्राईवेट सीवर लाईन के चेंबर आकार में छोटे होने के कारण चौक हो जा रहे हैं जिससे सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। जिसके समाधान हेतु जिला योजना 2023-24 के अंतर्गत रुपए 10 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। जिससे प्राईवेट सीवर लाईन के चौम्बर चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा। वही अधिशासीअभियंता पेयजल निगम आरएस धर्मशत्तू ने बताया कि नये टेंडर में शिवालिया लाइन कालोनी में सीवर लाईन संबंधी अवशेष कार्य कराये जाएंगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING PVT. LTD.
PROJECT APPROVED PROJECT
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर
86501-18000